हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार, 10 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 खट्टा खाने से नहीं होती परेशानी मेकाज के...



10 कलेक्टर और एसपी ने की कानून व्यवस्था की...





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

# 13 दिन बाद खुला टाऊन प्लानिंग दफ्तर का ताला, केवल एक कर्मचारी ने किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खबर का असर

पिछले 13 दिनों से कलेक्टोरेट के कम्पोजिट बिल्डिंग में स्थित नगर तथा ग्राम निवेश के उपसंचालक कार्यालय में तालाबंदी थी, जिसे आज खोल दिया गया। हरिभूमि ने दफ्तर में तालाबंदी की खबर आज ही प्रकाशित की थी। पिछले 25 जून को कलेक्टर के आदेश पर इस दफ्तर के 3 कमरे में ताला लगा दिया गया था। दफ्तर का इकलौता कर्मचारी बंद कमरे के बाहर बैठकर नाम के लिए ड्यूटी कर रहा था। दफ्तर खुलने से आज भी वह अकेला कार्यालय में मिला।

## लापरवाह अफसर से नाराज होकर कलेक्टर ने जड़ा था ताला

### रायपुर से भेजे गए अधिकारी

जगदलपुर में पदस्थ उप संचालक और वरिष्ठ मानचित्रकार के लंबी छुट्टी पर होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। जांजगीर चांपा से उपसंचालक को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था लेकिन वे पारिवारिक समस्या से जाने में असमर्थता व्यक्त की, इसलिए रायपुर कार्यालय से ऐश्वर्य जायसवाल को भेजा जा रहा है। नई भर्ती होने से रिक्त पदों को भरा जाएगा।

-संदीप बांगड़े

अपर संचालक, टाउन प्लानिंग, रायपुर



### 20 के सेटअप में 3 पदस्थ

बताया गया कि दंतेवाड़ा और कांकेर में टाउन प्लानिंग का दफ्तर है। वहीं जगदलपुर में बस्तर जिले के अलावा बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डागांव को मिलाकर 5 जिले का जमीन संबंधी सभी काम होता है। डायवर्सन से लेकर लेआउट, निजी और कालोनी से संबंधित सभी कार्य यहां से होते हैं, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 1 बाबू के भरोसे दफ्तर चल रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक उपसंचालक बीएल बांधे लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर है। समय सीमा की बैठक में अफसर के नदारद रहने पर कलेक्टर के आदेश पर दफ्तर को सील कर दिया गया था। हरिभूमि ने आज कार्यालय का जायजा लिया। स्थापना कक्ष खुला था जहां एक कर्मचारी आशीष कुमार नेवरे मौजूद थे। नाम के लिए यह संभागीय कार्यालय है लेकिन मात्र 3 लोग यहां पदस्थ हैं, जिनमें से उपसंचालक बीएल बांधे मेडिकल अवकाश पर पिछले 5 महीने से नदारद है। वहीं वरिष्ठ मानचित्रकार एसएन पैकरा 1 महीने की अर्जित अवकाश लेकर 18 जून से गायब है। वे 19 जुलाई को ड्यूटी ज्वाईन करेंगे। बताया गया कि दोनों अफसरों के गायब होने ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे के द्वारा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के समस्त विकासखण्डों में 10 जुलाई तक लक्ष्य दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा एवं 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का स्लोगन विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी ओपी शंखवार, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक ने लगाई फासी कारण अज्ञात

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम ईदगाह भाठा निवासी 35 वर्षीय महेश कोरेटी पिता बीरजू कोरेटी का फांसी लगाने के कारण मौत हो गया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया की 7 जुलाई को दोपहर करीबन 12 बजे मर्रापी खेत लाड़ी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कुकरीपारा निवासी 30 वर्षीय अनिल कुमार नरेटी पिता रुपेन्द्र नरेटी का करंट लगने के कारण मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक 8 जुलाई की सुबह 5 बजे घर में नहाकर अपना गीला कपड़ा को बोर के पैनल बोर्ड में लगे बिजली तार में सुखाने के लिए डाला। वायर में करंट लगने से जमीन में गिरकर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर लेकर गए, जहां पर चिकित्सक द्वारा युवक की जाँच किया और मृत होना बताया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### रिश्तेदार की युवती को घर में रहने के लिए जगह देने की बात पर मारपीट

**कांकेर।** रिश्तेदार की युवती को घर में रहने की जगह देने पर उसके मामा ने जान से मारने की धमकी दी। युवती के मामा ने जगह देने वाले की लात व हाथ से जमकर पिटाई की। इसके बाद पास में रखे लोहे के डंडा से हमला बोल दिया, जिससे प्रार्थी को जमकर चोट आई। जिला अस्पताल में इलाज करवाने के दो दिन बाद कांकेर थाना में शिकायत किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में आमापारा निवासी 54 वर्षीय मधुकर गोड़े पिता स्व. पीएन गोड़े ने पुलिस को बताया कि वह घुम्मड़मल दुकान में काम करता है। मेरी पहचान की लड़की भावी नेताम, जिसे अच्छे से जानता हूँ, मेरे घर आई और बोली कि नर्सिंग का फार्म डालूंगी। मुझे दो चार दिन रहने के लिए जगह चाहिए। पहचान की है, कहकर रूक जाना बोला और आपका काम हो जाएगा तो चले जाना। उसका मामा प्रवीण नेताम 6 जुलाई की रात करीबन पौने 12 बजे मेरे घर आया और मुझे बोला कि मेरी भांजी भावी नेताम कहां है। बोलने पर मैं बोला कि यहीं रूकी है, क्या हो गया बोलने पर मुझे गाली देते हुए कहने लगा कि तू मेरी भांजी को रखने वाला कौन होता है। जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे घर अंदर घुसकर मुझे थप्पड़ व लात घूसे से मारा। इसके बाद घर में रखे लोहे के राड से बहुत मारपीट किया है।

## सफलता: आरोपियों से सोने- चांदी की जेवरात व नकद समेत 50 लाख की संपति बरामद

# चोरी की 25 घटनाओं का खुलासा, पंजाब के चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सूने घरों की रेकी कर दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पंजाब के शातिर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, नकद व चोरी की रकम से खरीदी गई। कार व बाइक समेत 6.50 लाख की संपति बरामद किया गया है। आरोपी पंजाब के निवासी है जो शहर के हाटकचोरा में किराए के मकान में रहते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे।

- बाइक से घूमकर पहले रेकी फिर चोरी की वारदात को देते थे अंजाम

एसपी शलभ सिन्हा ने पत्रवार्ता में चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी एक दूसरे के सगे रिश्तेदार है जो पंजाब के रहने वाले है। इस गिरोह का सरगना मगंल सिंग उर्फ मंगा पंजाब के ब्यास क्षेत्र का शातिर बदमाश है। जिसके बारे में वहां पर भी कई अपराध दर्ज है जो घटनाओं के बाद से फरार है। एसपी ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दिनदहाड़े सूने पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरी होने की रिपोर्ट लगातार मिल रही थी। आरोपियों द्वारा करपावंड व परपा थाना क्षेत्र के कई घरों में चोरों ने सुने मकान को दिन के समय निशाना बनाकर सोना-चांदी व नगदी रकम उड़ाने का एक ही तरीका अपनाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान द्वारा थाना प्रभारी परपा दिलबाग सिंह व सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। इसके बाद पुलिस को चोरों को पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने तीन सोने का हार, दो सोने का चैन, वजन लगभग 65 ग्राम कीमत लगभग 4 लाख 50 हजार रूपए, चांदी के जेवरात 350 ग्राम कीमत 25 हजार रूपए नगद 10 हजार रूपए के अलावा बाइक व कार समेत 6 लाख 50 ▶▶|शेष पेज 10 पर

### सीसीटीवी फूटेज से आरोपियों की शिनाख्त

गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फूटेज से मिले विडियो एवं आसपड़ोस से पूछताछ से अपराधियों की जानकारी ली गई। पड़ताल के दौरान संदेही आरोपियों सोमराज सिग, जोबनप्रीत सिंग, शमशेर सिंग व सरगना मंगल सिंग उर्फ मंगा का पता चलने पर इनके ठिकाने हाटकचोरा किराये के मकान में दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग ड्रायवरी और हेल्परी का काम करते हैं, पंजाब से 6-7 साल पहले यहां आकर बसे हैं। किराये के मकान में रह रहे हैं। पूछताछ में करपावंड क्षेत्र से सोना चांदी और नगदी रकम को चोरी करना, परपा क्षेत्र में ग्राम करंजी से सोना चांदी और नगदी तथा बड़े पाराकोट से नगदी रकम चोरी करने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

### बंद ताला तोड़ने में माहिर सरगना

गिरफ्तार आरोपी सोमराज ने बताया कि दोनों बाइक में घूम-घूमकर सूने मकानों में ताला तोड़कर चोरी करते थे। सरगना मंगल सिंग ताला तोड़ने में माहिर है जो घर के अन्दर घुसता था और सोमराज सिंग घर के बाहर रहकर रेकी करता था। इन्हीं के रिश्तेदार चचेरे भाई जोबनप्रीत और शमशेर सिंग सेन्ट्रो कार से गांव में घूमकर सुने मकान को निशाना बनाते थे। पूछताछ में इनके द्वारा ग्राम तेलीमारेंगा में सोना-चांदी चोरी करना स्वीकार किया। गिरोह का सरगना मंगल सिंग उर्फ मंगा फरार है जिसे जल्द गिरफ्तार किए जाने का पुलिस ने दावा किया है।

# जगरगुण्डा से 4 नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन एवं नक्सली आरोपियों की धरपकड़ के लिए ग्राम मिलियमपल्ली व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान जगरगुण्डा के आंगनबाड़ी भवन के पास सादे वेश-भूषा धारण किये कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने व छिपने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर 4 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया।

- जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त कार्रवाई

पूछताछ करने पर अपना नाम पोटाम भीमा पिता पाण्डू उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी एरार्पारा सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार, मड़कम राजु पिता सुकड़ा उम्र 35 वर्ष निवासी नी ला पा रा सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार, मड़कम सन्ना पिता मड़कम नंदा उम्र 22 वर्ष निवासी इंगारपारा सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार एवं सुण्डाम भीमा पिता लखमा उम्र 25 वर्ष निवासी एरार्पारा सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार का होना बताया। जिनके पास से विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। थाना ▶▶|शेष पेज 10 पर

### हत्या में शामिल नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या में शामिल एक नक्सली को कुटरू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत थाना कुटरू के बल द्वारा 8 जुलाई को तेलीपेंटा से 1 नक्सली जनताना सरकार सदस्य रामा तेलम पिता कैया तेलम उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम तेलीपेंटा थाना कुटरू को पकड़ा गया। उक्त नक्सली 14 मार्च 2024 को पेठा में एक ग्रामीण की मुखबिरी के शक में हत्या करने की घटना में शामिल था।



पकड़े गये नक्सली पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर की ओर से 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित है। पकड़े गये नक्सली के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# 108 के कर्मियों ने बचाई महिला व नवजात की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के पल्ली चकवा निवासी गर्भवती महिला लच्छनी बघेल 35 वर्ष पति हरिराम बघेल को 8 जुलाई को प्रातः से ही प्रसव पीड़ा हो रही थी। सुबह 7 बजे से सब सेंटर नदीसागर में गर्भवती महिला को जांच के लिए लाया गया। जांच उपरांत में पाया गया कि गर्भ में बच्चा के साथ महिला का बच्चादानी बाहर आ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटीरत डॉक्टर सीएचओ तौसिका ठाकुर ने महिला

- डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर महिला, शिशु को बताया स्वस्थ



को सब सेंटर से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल दोपहर 12 बजे रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस सीएचसी लोहंडीगुड़ा से नदी सागर तत्परता महिला मरीज को लेकर डिमरापाल रवाना हुई। रास्ते में करंजी स्कूल के पास महिला को प्रसव पीड़ा अधिक होने के कारण 108 एंबुलेंस को ईएमटी यामिनी पांडेय एवं वाहन चालक राजेश नाग ने वहीं पर प्रसव कराने का ▶▶|शेष पेज 10 पर

# हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास व अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के कोड़ेनार पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम गोरियापाल में 9 मार्च 2021 को बलवा में ग्रामीण को सिर में मारकर चोट पहुंचाने अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हुई। इस पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक

- सिर में वारकर ग्रामीण को किया था घायल, इलाज के दौरान हुई मौत



अखिलेश्वर दास ने पैरवी की।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के कोड़ेनार पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम भोसड़ीरास निवासी सुकड़ा पोड्यामी की छोटी बहन ग्राम गोरियापाल निवासी सोमा मण्डावी के साथ प्रेम संबंध होने से शादी करने के लिए सोमडू मण्डावी के घर गोरियापाल भागकर गयी थी। जहां 9 मार्च ▶▶|शेष पेज 10 पर

# बीमा कंपनी देगी 7 लाख की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी पर 7 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति तथा 10 हजार रूपए का जुर्माना किया है। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा स्काई ऑटोमोबाइल्स के संचालक द्वारा 20 हजार रूपए का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश जारी किया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव निवासी लोकेश पात्र ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार स्काई ऑटोमोबाइल्स से क्रय की थी। उनके कहने पर उक्त वाहन का बीमा एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया गया। परिवादी की





- ऑटोमोबाइल संचालक भरेगा 20 हजार का जुर्माना

वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी आवेदक द्वारा पुलिस थाने में और ऑटोमोबाइल संचालक को तत्काल सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज ऑटोमोबाइल संचालक के माध्यम से बीमा कंपनी के पास प्रेषित कर दिए गए। बीमा कंपनी द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्राप्त न होने का आक्षेप लेते हुए आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक द्वारा घटना की तत्काल सूचना ऑटोमोबाइल संचालक को दी गई थी। उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज सहित उक्त जानकारी बीमा कंपनी को प्रेषित किया जाना था। ऑटोमोबाइल संचालक के उदासीन और लापरवाही पूर्वक कृत्य के लिए उसे 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है और बीमा कंपनी द्वारा निर्धारित समय अवधि के भीतर परिवादी के क्षति दावे का निराकरण न करने लिए उसे पर 10 हजार रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

## वन्य प्राणियों के लिए घास व तालाब की सुविधा बढ़ाई गई

# टाइगर रिजर्व में 8 बाघ, 17 वनभैंसों होने की संभावना, अन्य वन्य प्राणियों का कुनबा भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर द्वारा वन्य प्राणियों के अनुकूल बनाने के लिए घास एवं 4-4 किमी में तालाब का निर्माण कराया गया है। रिजर्व के रिक्त भूमि में घास का मैदान विकसित किया है ताकि वन्यप्राणी इसे अपने अनुकूल मानकर बसेरा बना सके। नरवा विकास कार्य के अंतर्गत परिसर मोरमेड़ के नेलकोय नाला में चेक डेम तालाब निर्माण कार्य किया गया। जानकारी के अनुसार रिजर्व में 8 बाघ, 17 वनभैंसों और अन्य वन्य प्राणियों का कुनबा क्षेत्र में बढ़ा है। बाघों के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर जंगल में बाघों के रहवास वाले इलाके में जाकर उनके काम करेगी।



बताया जा रहा है कि पहले वन्यप्राणी बसाहट की वजह से मनुष्य, गाय-भैंस व कुत्तों को देखकर सहम जाते थे। अब यहां उनके अनुकूल घास के मैदान एवं पानी के लिए तालाब हैं, जिससे शाकाहारी जानवरों की संख्या भी तेजी से बढ़ने की संभावना है। बाघों को भी अच्छा भोजन मिल रहा है, इसी वजह क्षेत्र वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ने की संभावना बढ़ी हैं। इसके अलावा टाइगर रिजर्व बीजापुर के विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव में ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में नए वन्य प्राणी मिलने की सूचना पर ग्रामीण को पुरुस्कृत किया जाएगा।

### वन्य प्राणियों की सूचना दें

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि रिजर्व में रहवास वन्य प्राणियों के लिए सटे हुए गांवों में ग्रामीणों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि वन्य प्राणियों को मारे नहीं बल्कि सूचना दें, जिससे बचा सकें।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

